जागरूकता रैली निकाली

31|01|2022

रामगढ़ शेखावाटी. जागरूकता रैली निकालते एनसीसी कैडेट्स।

भास्कर न्यूज | रामगढ़ शेखावाटी

कस्बे के सेठ आर एन रुईया राजकीय महाविद्यालय में एनसीसी एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर शहीदी दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एनसीसी के कैडेट्स द्वारा जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। एनसीसी प्रभारी प्रो. नवीन कुमार ने बताया कि प्राचार्या शारदा इन्दलिया की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में देश के वीर शहीदों, महापुरुषों तथा महान नेताओं को याद किया गया। कार्यक्रम में एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट प्रो. नवीन कुमार, राष्ट्रीय सेवा योजना के डॉ. सुरेशकुमार शर्मा एवं डॉ. ज्योति शर्मा ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए देश के महान नायकों के प्रेरणादायक प्रसंग साझा किए एवं देश की आज़ादी में उनकी भूमिका पर प्रकाश डाला। विद्यार्थियों ने भारत के महान नेताओं व महापुरुषों द्वारा दिए गए संदेश तथा नारों को पोस्टर्स व कार्ड्स के माध्यम से कस्बे के नागरिकों को प्रेरित किया। रैली महाविद्यालय से प्रारंभ हो कर कस्बे के मुख्य बाजार, पुराने बस स्टैंड व मुख्य मार्गों से होते हुए वापिस महाविद्यालय पहुंची।

CamScanner